भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1613
उत्तर देने की तारीख 13.02.2023

युवाओं में संस्कृति और विरासत के बारे में जागरूकता

1613. श्री मलूक नागर :

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार द्वारा देश के युवाओं में हमारी संस्कृति और विरासत के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं;

(ख) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि सोशल मीडिया के दुरुपयोग के कारण युवा धीरे-धीरे असामाजिक तत्वों की ओर आकर्षित हो जाते हैं; और

(ग) यदि हां, तो शिक्षा मंत्रालय के सहयोग से मंत्रालय द्वारा स्कूली पाठ्यक्रम में हमारी समृद्ध संस्कृति और विरासत के अध्यायों को शामिल करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

संस्कृति, पर्यटन एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री
(जी. किशन रेड्डी)

(क): भारत सरकार ने देश में लोक कला, संस्कृति और विरासत के विभिन्न रूपों को संरक्षित, संवर्द्धित और परिरक्षित करने के लिए सात (07) क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्र (जेडसीसी) स्थापित किए हैं जिनके मुख्यालय पटियाला, नागपुर, उदयपुर, प्रयागराज, कोलकाता, दीमापुर और तंजावुर में स्थित हैं। ये जेडसीसी नियमित आधार पर पूरे देश में वर्ष भर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यकलापों और कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं जिसके लिए उन्हें वार्षिक सहायता अनुदान प्रदान किया जाता है। जेडसीसी द्वारा इन सांस्कृतिक कार्यक्रमों/कार्यकलापों में अपनी प्रतिभाएं प्रदर्शित करने हेतु कलाकारों को शामिल किया जाता है जिसके लिए इन्हें मानदेय, दैनिक भत्ता/यात्रा भत्ता, भोजन एवं आवास आदि का भुगतान किया जाता है। इसके अतिरिक्त, सभी सात जेडसीसी कलाकारों की सहायता करने के लिए अनेक स्कीमें संचालित करते हैं यथा युवा प्रतिभावान कलाकारों को

पुरस्कार, गुरु-शिष्य परंपरा स्कीम, रंगमंच नवीनीकरण स्कीम, शोध और प्रलेखन स्कीम, शिल्पग्राम स्कीम, ऑक्टेव, जम्मू और कश्मीर महोत्सव और राष्ट्रीय सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम (एनसीईपी) आदि।

संस्कृति मंत्रालय, देश के युवाओं में हमारी संस्कृति और विरासत के संबंध में जागरूकता उत्पन्न करने हेतु इन जेडसीसी के माध्यम से राष्ट्रीय संस्कृति महोत्सव (आरएसएम) भी आयोजित करता है, जिनमें पूरे भारत से बड़ी संख्या में कलाकारों को अपनी प्रतिभाएं प्रदर्शित करने के लिए शामिल किया जाता है। वर्ष 2015 के बाद से, संस्कृति मंत्रालय द्वारा देश भर में बारह (12) आरएसएम आयोजित किए गए हैं। ये जेडसीसी कला एवं संस्कृति के विकास के लिए प्रत्येक वर्ष कम से कम 42 क्षेत्रीय महोत्सव आयोजित करते हैं।

(ख): भारत सरकार द्वारा इस संबंध में ऐसा कोई सर्वेक्षण नहीं किया गया है।

(ग): प्रश्न नहीं उठता।

****